पंजाब केसरी 18/12/2024

भारतीय ज्ञान प्रणाली के अनुसार तैयार की गई लैंग्वेज लैब : डा. रोहित दत्त

जी.एम.एन. कॉलेज में हुआ शुभारंभ, पूर्व छात्रा अंजली वधावन होंगी उपदेशक

अम्बाला, 17 दिसम्बर (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज में मंगलवार को लैंग्वेज लैब स्थापित किया गया था, जिसका शुभारंभ कॉलेज की पूर्व छात्रा अंजली वधावन द्वारा किया गया। वही इस लैंग्वेज लैब की उपदेशक रहेंगी।

इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि लैंग्वेज लैब एन.ई.पी. में भारतीय ज्ञान प्रणाली के अनुसार ही तैयार की गई है। यहां सभी भाषाओं को ध्यान में रखा गया है। उन्होंने लैंग्वेज लैब का उद्देश्य बताते हुए कहा कि यह छात्रों के लिए महत्वपूर्ण विषयों के साथ परीक्षण, गतिविधियों, अभ्यास आदि व्यापक वैब-आधारित शिक्षण और मूल्यांकन प्रणालियों के माध्यम से एल.एस.आर.डब्ल्यू और जीवन कौशल (सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना, व्याकरण, शब्दावली) को बढ़ाना है।

लैंग्वेज लैब की अध्यक्षा महक ने बताया कि जो छात्र अंग्रेजी संचार कौशल पढ़ने, लिखने और समझने में कमजोर हैं, उनकी पहचान संचार कौशल पाठ्यक्रम पढ़ाने वाले संकाय द्वारा की जाएगी और उन्हें भाषा प्रयोगशाला में काम करने के लिए असाइनमैंट दिया जाएगा।

जी.एम.एन. कॉलेज में विद्यार्थियों को लैंग्वेज लैब की जानकारी देतीं उपदेशक अंजली वधावन। (देवदत्त)

जी.एम.एन. कॉलेज में करियर एम्पावरमैंट पर आधारित सैमीनार में भाग लेते विद्यार्थी। (देवदत्त)

जी.एम.एन. कॉलेज में करियर एम्पावरमैंट पर हुआ सैमीनार

जी.एम.एन. कॉलेज के प्रबंधन विभाग एवं टीमा-द-इंडियन मुनीम एकेडमी के द्वारा प्राचार्य डा. रोहित दत्त की अध्यक्षता में करियर एम्पावरमैंट पर सैमीनार का आयोजन किया गया। अपने संबोधन में प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने जॉब के लिए फॉरेन एकाऊंटिंग की उपयोगिता के पहलुओं पर प्रकाश डाला। सैमीनार में अकाऊंटिंग और इंटरनैशनल अकाऊंटिंग के सॉफ्टवेयर की जानकारी दी गई।

बिजनैस डिवैल्पमैंट मैनेजर साहिल वर्मा, कोमल अग्रवाल, श्वेता कोमल और करुण ने बताया कि दूसरे देशों में इन सॉफ्टवेयर की क्या महत्ता है। इस मौके पर कार्यक्रम की संयोजिका डा. भारती, डा. रवनीत कौर एवं साहित्य परिषद के विद्यार्थी अश्वनीत आदि मौजूद रहे।